# गाजा में इजरायली हमले तेज, मुश्ताहा टावर ध्वस्त

**27** की हमले में गई जान, दहशत में लोग

**48** बंधकों की आशंका, 20 के जिंदा होने के संकेत



**गाजा सिटी, 06 सितंबर. गाजा में इजरायली सैन्य कार्रवाई ने नया मोड़ ले लिया, जब सेना ने गाजा सिटी के रिमल इलाके में स्थित मुश्ताहा टावर को निशाना बनाया।**

यह इमारत पहले से ही आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त थी और इसमें वे लोग शरण लिए हुए थे, जो गाजा के अन्य हिस्सों में हुए हमलों से विस्थापित हुए थे. सैटेलाइट तस्वीरों में टावर के आसपास बड़ी संख्या में तंबुओं का जमावड़ा भी देखा गया है. गाजा में हालात फिर से विस्फोटक होते जा रहे हैं.

इजरायली सेना का दावा है कि हमास इन ऊंची इमारतों का उपयोग निगरानी और हमलों की योजना बनाने के लिए कर रहा है. सेना के प्रवक्ता ने कहा कि आने वाले दिनों में आतंकवादी ढांचे पर सटीक और टारगेटेड हमले जारी रहेंगे. इधर, गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि अन्य हिस्सों में हुए हमलों में 27 लोगों की जान गई, जिनमें एक ही परिवार के छह सदस्य शामिल हैं. इजरायल ने गाजा सिटी के कई हिस्सों को रेड ज़ोन घोषित कर नागरिकों को निकालने का आदेश दिया है. साथ ही हजारों रिजर्व सैनिकों को जुटाया जा रहा है.

## एमबीबीएस के छात्र ने हॉस्टल में लगाई फांसी

**कोरबा, 06 सितंबर ( वार्ता ).** छत्तीसगढ़ के कोरबा मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्र ने हॉस्टल के कमरे में फंदे से झूल आत्महत्या कर ली. जानकारी के अनुसार हिमांशु (24) अपने साथी पुष्प राज के साथ कमरा नंबर ए/13 में रह रहा था. शनिवार को उसका फॉलोलॉजी विषय का परीक्षा दोपहर 11 से दो बजे तक निर्धारित था लेकिन परीक्षा में अनुपस्थित रहने पर साथी छात्रों ने उसकी खोजबीन शुरू की. हॉस्टल का दरवाजा अंदर से बंद था, जिसे तोड़कर देखा गया तो हिमांशु का शव कमरे के एंगल से लटकता हुआ मिला.बताया जा रहा है कि मृतक छात्र परीक्षा से पहले मेडिकल कॉलेज से बाहर गया और पास की दुकान से रस्सी खरीदी थी.

# भागवत से मिले भजनलाल जेपी नड्डा भी रहे मौजूद

**20 मिनट की मुलाकात से सियासी हलकों में हलचल**

**दो दिन, दो यात्राएं, जोधपुर में एक्टिव मोड में सीएम**

**जोधपुर 6 सितंबर. राजस्थान की राजनीति में इन दिनों जोधपुर एक नया शक्ति केंद्र बनता दिख रहा है. जहां एक ओर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत 9 दिन के प्रवास पर हैं, वहीं दूसरी ओर भाजपा के बड़े नेता लगातार उनसे मुलाकात कर रहे हैं.**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की हालिया मुलाकातों ने राजनीतिक अटकलों को हवा दे दी है. राजस्थान की सियासत इन दिनों जोधपुर के इर्द-गिर्द घूमती नजर आ रही है. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने लालसागर स्थित डिफेंस एकेडमी पहुंचे. करीब 20 मिनट चली इस बैठक को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है. यह बैठक इसलिए भी अहम मानी जा रही है क्योंकि दो दिन पहले ही राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी मोहन भागवत से ठीक इतनी ही देर तक मुलाकात कर चुकी हैं. इससे यह सवाल उठना लाजिमी है कि जोधपुर की धरती पर क्या नया सियासी समीकरण तैयार हो रहा है?

# हर जुबां पर गूंजा बंदी पिघल गई

**मेघा किशोर के धमाकेदार गीत लॉन्च ने बढ़ाई युवाओं की धड़कनें**



**नई दिल्ली, नायक भारती प्रतिनिधि। पश्चिम विहार स्थित होटल वेस्टर्न ब्लू, शुभम एनक्लेव में गायिका मेघा किशोर के नए गीत बंदी पिघल गई का भव्य लॉन्चिंग कार्यक्रम आयोजित हुआ।** आर.जी. रिकॉर्डिंग स्टूडियो द्वारा निर्मित यह गीत युवाओं के बीच धड़कनें बढ़ाने वाला साबित हो रहा है।

इससे पहले मेघा किशोर की पांचवीं प्रस्तुति हिट सॉन्ग बेबी मेरे बड़े पर तुम क्या दिलवाओगे पहले ही मार्केट में धूम मचा चुकी है और युवाओं की पहली पसंद बन गई थी। कार्यक्रम के दौरान मेघा किशोर ने अपनी मधुर आवाज़ में गीत की कुछ पंक्तियाँ गुनगुनाई. इस मौके पर आर.जी. स्टूडियो के प्रोडक्शन ग्रुप के सिंगर मेघा किशोर, डायरेक्टर साहिल शर्मा, प्रोड्यूसर संजय गर्ग, लेवल आर जी रिकॉर्ड्स, म्यूजिक लिरिक्स ओय कुणाल,फीचरिंग शनाया खन्ना और भूमि गर्ग, प्रोजेक्ट बाय ओबैद अफरीदी मौजूद रहीं।

# ट्रंप की हमास को चेतावनी-बंधक छोड़े

**वाशिंगटन/गाज़ा 6 सितम्बर. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को सख्त संदेश देते हुए कहा है कि अगर गाज़ा में बंधकों को तुरंत रिहा नहीं किया गया, तो हालात बेहद खराब हो सकते हैं.**



ट्रंप के मुताबिक, अमेरिका और हमास के बीच गंभीर बातचीत चल रही है. डोनाल्ड ट्रंप ने एक प्रेस स्टेटमेंट में कहा, हमने हमास से साफ शब्दों में कहा है बंधकों को तुरंत छोड़ा जाए. अगर ऐसा हुआ तो उनके लिए बेहतर होगा, वरना अंजाम भयानक हो सकते हैं. यह बयान उस वक्त आया है जब अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने खुलासा किया कि युद्ध के बाद गाज़ा के पुनर्निर्माण और प्रबंधन को लेकर व्हाइट हाउस में एक उच्चस्तरीय बैठक होने जा रही है. यह पहली बार है जब अमेरिकी प्रशासन की ओर से युद्ध के बाद की रणनीति का ज़िक्र किया गया है. विटकॉफ ने कहा, हम मानवीय इरादों से योजना बना रहे हैं जो क्षेत्र में स्थिरता ला सके. हालांकि उन्होंने योजना की विस्तार से जानकारी नहीं दी. वहीं, ट्रंप प्रशासन बंधकों की रिहाई को लेकर आंशिक समझौतों' के खिलाफ है और चाहता है कि सभी बंधकों की बिना शर्त रिहाई हो.

हमास की तरफ से 60 दिन का प्रस्ताव रखा गया था जिसमें कहा गया कि बंधकों को चरणबद्ध तरीके से छोड़ा जाएगा, लेकिन अमेरिका और इजराइल दोनों इसे स्वीकार नहीं कर रहे. ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर कहा था कि हमास को तभी कोई राहत मिलेगी जब वह पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा. स्थिति बेहद नाजुक मोड़ पर है. ट्रंप की दो टूक चेतावनी से संकेत मिलता है कि अगर हमास झुका नहीं, तो अमेरिका और इजराइल बड़ा कदम उठा सकते हैं.


## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना**

निम्नलिखित उधारकताओं और सह- उधारकताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है ) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकताओं और सह-उधारकताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वगीकृत किया गया।है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है ) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 138111516 | संपत्ति के बदले ऋण | 20.08.2025 | 9,59,995.73/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं के नामः** 1. संतोष पोरवाल 2. रितेश पोरवाल 3. रमेश पोरवाल 4. पार्वती पोरवाल

**संपत्ति का पताः** प्लॉट संख्या 112 का वह पूरा टुकड़ा, जो यहाँ स्थित हैः सर्वेक्षण संख्या 348, गाँव तंबोलिया, स्त्रँ नंबर 29, तहसील रावटी, ज़िला-रतलाम, मध्य प्रदेश, कुल क्षेत्रफल 1539 वर्ग फुट। ( 143 वर्ग मीटर ), और उक्त संपत्ति निम्नलिखित से घिरी हुई हैः उत्तरः भंवर कुंवर सोलंकी पत्नी मोहन सिंह का मकान, दक्षिणः रोड, पूर्वः रोड, पश्चिमः लताभाई पत्नी रमेश पांडे का मकान

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड ( पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है ) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 ( 4 ) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है ) इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 ( 13 ) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

**एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी**

**दिनांकः 07.09.2025**
**स्थानः मध्यप्रदेश**

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**


# नीतीश ने किया 19 योजनाओं का शिलान्यास

**पटना, 06 सितंबर ( वार्ता ) बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को बक्सर जिले के राजपुर में 603.32 करो? रुपये लागत की 19 योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया.**



कुमार ने आज बक्सर जिले के राजपुर प्रखंड परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल से बक्सर जिला अंतर्गत प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं से संबंधित 603.32 करोड़ रुपये की लागत से 19 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया. इसके अंतर्गत 181 करोड़ 26 लाख रुपये की लागत से बक्सर-कोईलवर गंगा तटबंध का सुदृढ़ करण, कालीकरण तथा सुरक्षात्मक कार्य, 51 करोड़ 98 लाख रुपये की लागत से भोजपुर-सिमरी पथ के 0.00 से 9.30 किलोमीटर तक चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, 41 करोड़ 52 लाख रुपये की लागत से बक्सर गोलंबर से ज्योति चौक पथ भाया बस स्टैंड का , 36 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से बनी मस्जिद जेल तक के पथ का चौड़ीकरण, 13 57 लाख रुपये की लागत से भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां संगीत कॉलेज, 98.25 करोड़ की लागत की दो लेन धनसोई बाईपास पथ के निर्माण कार्य सहित कुल 12 योजनाओं की उद्घाटन शामिल है.

कुमार ने कार्यक्रम के दौरान राजपुर प्रखंड परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित पेंशनधारी लाभुको,जीविका दीदियों एवं अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया. कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया.

# पुतिन ने यूक्रेन में पश्चिमी सुरक्षा प्रस्ताव को खारिज किया

**मास्को 06 सितंबर ( वार्ता ) . रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पेरिस शिखर सम्मेलन के बाद युद्धविराम लागू होने के अगले ही दिन यूक्रे न में आश्वासन बल के रुप में सैनिकों को तैनात करने के पश्चिमी प्रस्तावों को खारिज कर दिया है .**

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि यूक्रेन के 26 सहयोगी देशों ने लड़ाई रुकते ही सुरक्षा प्रदान करने के लिए थल , जल या हवा से सैनिकों को तैनात करने की औपचारिक प्रतिबद्धता जताई है. मैक्रों ने इसमें शामिल किसी भी देश का विवरण नहीं दिया . पुतिन ने सहयोगियों की पहल को खारिज करने की कोशिश की और चेतावनी दी कि यूक्रेन में तैनात कोई भी सैनिक वैध निशाना होगा, खासकर अगर वे अभी दिखाई देते हैं, हालाँकि तत्काल तैनाती की कोई योजना नहीं है .

पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि वह यूक्रेनी नेता से संपर्क के लिए तैयार हैं, लेकिन मुझे इसमें कोई खास फायदा नहीं दिखता . क्योंकि यूक्रेनी पक्ष के साथ प्रमुख मुद्दों पर सहमति बनाना लगभग असंभव है . मैक्रों ने ज़ोर देकर कहा कि सैनिकों की तैनाती किसी भी नए बड़े आक्रमण को रोकने के लिए की जाएगी, न कि अग्रिम मोर्चे पर . उन्होंने कहा कि सेना में रूस के खिलाफ युद्ध छेड़ने की इच्छाशक्ति या उद्देश्य नहीं है . ज़ेलेंस्की ने गुरुवार को पेरिस बैठक में लिए गए फ़ैसलों को पहला ठोस कदम बताया और शुक्रवार को कहा कि हज़ारों विदेशी सैनिकों की तैनाती की जाएगी, हालाँकि इस बारे में बात करना अभी जल्दबाजी होगी . पुतिन ने रुस में यूक्रेन के साथ एक शिखर सम्मेलन आयोजित करने की अपनी इच्छा व्यक्त की है और सुरक्षा प्रदान करने की पेशकश की है . ज़ेलेंस्की ने कहा, हम किसी भी प्रारूप, द्विपक्षीय बैठक, त्रिपक्षीय बैठक का समर्थन करते हैं, मेरा मानना है कि रूस इसे टालने के लिए हर संभव प्रयास करता है .


## कार्यालय नगर पालिका परिषद्, धार जिला धार (म.प्र.)

Email-cmodhar@mpurban.gov.in

क्रमांक 47357 / एनयूएलएम / 2025 धार, दिनांक 04/09/2025

**अभिरुची के प्रदर्शन (Expration of Intrest )**

भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के पत्र क्र. 16011/1/2024 अमृत दिनांक 07.02.2024 द्वारा अमृत 2.0 एवं डे एनयूएलएम के संयुक्त तत्वाधान में महिला स्व-सहायता समूह को अमृत मित्र के रूप में चयन कर ग्रीस स्पेस पार्क( लाल बाग, डीआरपी लाईन, पीजी कॉलेज, मुन्ज सागर तालाब, नया पुरा तालाब, मगजपूरा तालाब ट्रेचिंग ग्राउण्ड ) का संचालन एवं रख रखाव ( O&M) कार्य कराए जाने विभिन्न गैर-तकनीकी कार्य कराये जाने के विस्तृत दिशा-निर्देश एवं EOI निर्मित किए है। भारत सरकार द्वारा निर्मित दिशा-निर्देश के अनुक्रम में स्व सहायता समूह की महिलाओं को अमृत मित्र के रूप में ( वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ) चयनित करने हेतु अमृत 2.0 एवं एनयूएलएम शाखा द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित अभिरूची के प्रदर्शन (Expration of Intrest) का प्रारूप निम्नानुसार है-

**आवेदन लिए जानकारी एवं मार्गदर्शन**

आवेदनकर्ता को सलाह दी जाती है कि सम्पूर्ण EOI आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक पढ़कर समझ ले । आवेदनकर्ता को अपने आवेदन प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप मे भरकर जमा करना अनिवार्य होगा।

**कार्य' का विवरण**

अमृत 2.0 योजनातर्गत प्रस्तावित उद्यानों के संचालन एवं संधारण का कार्य EOI आवेदन प्रक्रिया हेतु निर्धारित दिनांक निम्नानुसार है-

| स. क्र. | विवरण | प्रारंभ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | EOI आवेदन हेतु विज्ञापन का प्रकाशन । | 07.09.2025 | 08.09.2025 |
| 2 | EOI सूचना का निकाय पटल पर प्रकाशन। | 07.09.2025 | 08.09.2025 |
| 3 | कार्यालय से EOI का आवेदन प्राप्त करना । | 07.09.2025 | 08.09.2025 |
| 4 | पूर्णतः भरा हुआ EOI आवेदन जमा करना । | 07.09.2025 | 08.09.2025 |
| 5 | EOI आवेदन एवं दस्तावेजों का परिक्षण। | 15.09.2025 | 15.09.2025 |
| 6 | पत्र आवेदकों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रण। | 18.09.2025 | 18.09.2025 |
| 7 | चयनित आवेदको की सूची प्रकाशित करना । | 22.09.2025 | 22.09.2025 |
| 8 | चयनित आवेदको को कार्यादेश जारी करना । | 25.09.2025 | 25.09.2025 |

नोट- 1 आवेदनकर्ता समूह को अपने प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में ही जमा करने होंगे। 2. कोई भी प्रस्ताव अपूर्ण होने की स्थिति में निरस्त किया जायेगा। 3. निर्धारित दिनांक एवं समय के पश्चात् प्राप्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जावेगे। 4. आवेदनकर्ता समूह EOI प्रक्रिया में लगने वाले सभी व्यय वहन करेगा। 5. आवेदनकर्ता समूह योजना मे आवेदन करने एवं विस्तृत दिशा-निर्देश हेतु निकाय की डेएनयूएलएम शाखा में आकर संपर्क कर सकते है। 6. आवेदन प्रस्ताव निर्धारित दिनांक के समय तक कार्यालयीन समय में केवल ऑफलाईन माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगे।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् धार (म.प्र.)**


# भारत की परिकल्पना बनेगा परिवहन विभाग

**योगी ने किया परिवहन विभाग की सेवाओं के शुभारंभ**

**लखनऊ 06 सितंबर( वार्ता ). उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में परिवहन विभाग की विभिन्न सेवाओं के शुभारंभ और डिजिटल लोकार्पण एवं शिलान्यास के संदर्भ में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया.**


उन्होंने परिवहन विभाग से अल्पकालिक, मध्यम अवधि और दीर्घकालिक योजनाएं तैयार करने का आह्वान किया . उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि फाइल को लटकाने की आदत बंद करनी पड़ेगी . जनसुनवाई को तेजी से आगे बढ़ाना पड़ेगा . विभाग में टीम वर्क को और सशक्त बनाना पड़ेगा तो परिणाम आने में देर नहीं लगेगी . मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि परिवहन विभाग ने अपनी सेवाओं से मिसाल पेश की है . कोरोना के दौरान जब करोड़ों कामगार और श्रमिक अपने राज्यों और गांवों की ओर लौट रहे थे . मुख्यमंत्री ने कहा कि हर संकट की घड़ी में परिवहन विभाग ने समय का सच्चा साथी बनकर प्रदेश और समाज की सेवा की है .



उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग प्रदेश के पब्लिक ट्रांसपोर्ट का सबसे बड़ा माध्यम है और इसे विकसित भारत की परिकल्पना का सारथी बनना होगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के पास देश में सबसे बड़ा बेड़ा है. इतनी बड़ी संख्या में सेवाएं देना अपने आप में एक उपलब्धि है, लेकिन इसके साथ ही चुनौतियां भी कम नहीं हैं. उन्होंने रक्षाबंधन पर बहनों को तीन दिनों तक मुफ्त बस यात्रा उपलब्ध कराने की पहल को सराहनीय बताया और कहा कि विभाग भविष्य में इस तरह की सेवाओं का प्रचार-प्रसार और प्रभावी तरीके से करे. मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी व्यक्ति, समाज या राष्ट्र यदि समय की गति से पीछे जाता है.

## रूस ने व्हाट्सएप को निशाना बनाया

**मॉस्को, 06 सितंबर .** रूस के मीडिया नियामक रोस्कोम्नाडज़ोर द्वारा अगस्त के मध्य में लगाए गए नए प्रतिबंधों का लाखों रूसी नागरिकों को सामना करना पड़ रहा है . ये प्रतिबंध रूस में सबसे लोकप्रिय मैसेजिंग एप व्हाट्सएप और टेलीग्राम के जरिए की जाने वाली कॉल पर लगाए गए हैं . इसी समय रूसी फर्म ने मैक्स नाम से एक नए राष्ट्रीय मैसेंजर एप को लांच किया है, जिसे क्रेमलिन नियंत्रित करता है . यदि देश में व्हाट्सएप और टेलीग्राम के मासिक उपयोगकर्ताओं की आंकड़ों की बात करें तो कुल 14 .30 करोड़ की आबादी में से व्हाट्सएप और टेलीग्राम के मासिक उपयोगकर्ताओं की संख्या क्रमशः 9 .7 और नौ करोड़ होने का अनुमान है . व्हाट्सएप की मालिकाना कंपनी मेटा को रूस में एक चरमपंथी संगठन घोषित किया गया है . यह एप विशेष रूप से बुजुर्ग लोगों के बीच खासा लोकप्रिय है क्योंकि इसमें पंजीकरण करना और इसका उपयोग करना बहुत आसान है . रूस के कुछ हिस्सों में खासकर दूरदराज और कम कनेक्टिविटी वाले इलाकों में व्हाट्सएप दोस्तों और सहकर्मियों के साथ चैटिंग से कहीं बढ़कर है .



# बालापुर गणेश लड्डू 35 लाख में नीलाम

**हैदराबाद 06 सितंबर ( वार्ता ) . तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में मशहूर च्बालापुर गणेश लड्डू' की नीलामी पिछले 31 सालों के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुये 35 लाख में हुई है.**



करमनघाट के लिंगाला दसरद गौड़ ने खुली बोली में सबसे अधिक बोली लगाकर 21 किलोग्राम के इस लड्डू को अपनी झोली में डाल लिया और उन्होंने बोली की राशि तुरंत बालापुर गणेश उत्सव समिति को सौंप दी. यह 2024 में लगायी गयी बोली से पांच लाख रुपये अधिक है. पिछले साल इस लड्डू को कोलन शंकर रेड्डी ने 30,01,000 रुपये में खरीदा था, जबकि 2023 में दयानंद रेड्डी ने इसे 27 लाख रुपये में खरीदा. इस बोली में कुल 38 लोगों ने भाग लिया, लेकिन इस बोली को देखने के लिए हजारों लोग आते हैं और बड़ी संख्या में लोग टीवी पर इस कार्यक्रम का आनंद लेते हैं. उल्लेखनीय है कि इस नीलामी का आयोजन 1994 से होता आ रहा है. वर्ष 1994 की बोली में कोलन मोहन रेड्डी ने 450 रुपये में इस लड्डू को खरीदा था, फिर अगले साल भी उन्होंने ही इसे 4,500 रुपये में खरीदा था. वर्ष 1996 में कोलन कृष्ण रेड्डी ने इसे 18,000 रुपये में खरीदा था, लेकिन 2002 में कोंडाडे माधव ने इसकी बोली बढ़ाकर 1,05,000 रुपये कर दी. वर्ष 2015 में नीलामी की बोली सात अंकों तक पहुंच, कल्लन माधवन मोहन रेड्डी ने लड्डू को 10,32,000 रुपये में खरीदा था.


## ई-नीलामी विक्रय सूचना

HDFC BANK

## एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड

**शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर Tel: 0771-4243149/240 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com**

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत् माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस जारी करता है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और सुरक्षाहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की संख्या, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित।

एतद द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को कॉलम (ए) में इंगित किया गया है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (बंध) कॉलम (सी) में वर्णित है जो सुरक्षित व्यक्ति को गिरवी रखी गई है। लेनदार, जिसका भौतिक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (डी) में वर्णित सुरक्षित लेनदार द्वारा लिया गया है, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है' पर बेचा जाएगा। क्या है', और 'जो कुछ भी है' नीचे दिए गए विवरण के अनुसारः

एतद द्वारा ऋणी/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारियों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक(यों), प्रशासक(यों), उत्तराधिकारी(यों) और संबंधित ऋणी(ओं) के समनुदेशित(यों) को नोटिस दिया जाता है / गिरवी रखने वाले (मृतक के बाद से), जैसा भी मामला हो, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के प्रावधान के तहत कॉलम (ए) में दर्शाया गया है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.hdfcbank.com में दिए गए लिंक को देखें।

| (A) | (B) | (C) | (D) | (E) | (F) | (G) | (H) | (I) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स.क्रं. एवं ऋणी(यों) का नाम | वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (रु.)* | अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण (1 वर्गमीटर 10.76 वर्गफुट के बराबर है) | कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य (रु.) | ब्याना जमा राशि (रु.) / बोली वृद्धि राशि (रु.) | निलामी की तिथि एवं समय | सुरक्षित संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय | बोली की अंतिम तिथि |
| **श्री सोलंकी बलवंत सिंह,** मकान नंबर 381, ग्राम धूलकोट, धूलकोट, खरगोन म.प्र.- 451441.<br>**श्री सोलंकी बलवंत सिंह,** वैपकोस लिमिटेड, मकान नं. 29 ई 18 अनुपम नगर, रायपुर छ.ग. 490001.<br>**श्रीमती ज्योति,** मकान नंबर 381, ग्राम धूलकोट, धूलकोट, खरगोन मप्र- 451441. | ₹ 9,88,600/- 30 नवंबर 2024* की स्थिति में | प्लॉट क्षेत्रफल 60.405 वर्ग मीटर 57 बी एवं प्लॉट क्षेत्रफल 60.405 वर्ग मीटर 58 बी अरिहंत रेजीडेंसी में स्थित, ग्राम- भाटखेड़ी तहसील और जिला-महू, इंदौर, मध्य प्रदेश, **प्लॉट संख्या 57 बी की चौहद्दी:**-उत्तर में प्लॉट संख्या 58-बी, दक्षिण में प्लॉट संख्या 56-बी, पूर्व में कॉलोनी का रास्ता, पश्चिम में प्लॉट संख्या 88-बी, **प्लॉट संख्या 58 बी की चौहद्दी:**-उत्तर में प्लॉट संख्या 57-बी दक्षिण में प्लॉट संख्या 59 बी, पूर्व में कॉलोनी का रास्ता, पश्चिम - प्लॉट नं. 87 बी, **कुल प्लॉट क्षेत्रफल- 1300 वर्ग फुट (650 वर्गफुट + 650 वर्गफुट) लांगिट्यूड-75.7042572°, लेटिट्यूड- 22.6103321°** | भौतिक | ₹ 16,25,000/- | ₹ 1,62,500/- / ₹ 5000/- | 13 अक्टूबर 25 सुबह 10.30 बजे से सुबह 11.00 बजे (बिक्री समाप्त होने तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) | 18.09.25 सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे | 09 अक्टूबर 25 शाम 5.00 बजे के पहले |

*साथ में अतिरिक्त ब्याज जैसा लागू हो, भुगतान और/या उसकी वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि।

**बाधाओं/दावों का खुलासा: एचडीएफसी के प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और जानकारी के अनुसार, उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों के संबंध में कोई बाधा नहीं है।**

संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए या ई-नीलामी बोली दस्तावेज़ प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया मेसर्स - **ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड** श्री राम शर्मा संपर्क नंबर: 8000023297 से संपर्क करें। ईमेल आईडी: ramprasad@auctiontiger.net, support@auctiontiger.net या एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी श्री लोकेश माहोरे से टेलीफोन नंबर 8717800900, श्री अंशुल अग्रवाल से टेलीफोन नंबर 9713436260 या श्री निशांत राठौर, मोबाईल- 8878666520 के माध्यम से संपर्क करें।

**सावधानी नोट:** बड़े पैमाने पर ई-बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड और उसके अधिकृत अधिकारी नीलामी बिक्री नोटिस में उल्लिखित अचल संपत्ति के संबंध में नकद लेनदेन नहीं करते हैं। नाम और अचल संपत्ति की बिक्री से निपटने के लिए एचडीएफसी बैंक लिमिटेड द्वारा अधिकृत एजेंसी/दलाल, यदि कोई हो, का संपर्क विवरण केवल ऊपर उल्लिखित पते पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**
**प्राधिकृत अधिकारी**

**दिनांक: 07.09.2025, स्थान: इंदौर**

**रजिस्टर्ड पता-एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर पर्ल (पश्चिम), मुम्बई-400013**

ASA